2

148/C

स्पीड पोस्ट द्वारा

सं.जेड-11023/1(फसल)/2012-आईटी (भाग II)
भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
(डिजिटल कृषि प्रभाग)

OFFICE OF THE CHIEF SECRETARY
GOVT. OF NCT OF DELHI

CS/2022/15394

07 JUN 2022

कृषि भवन, नई दिल्ली,
दिनांक :- 25th मई, 2022

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
2. सभी राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों के मुख्य सचिव
3. सभी स्वायत्त निकाय/अर्ध-सरकारी संगठन।
4. सभी मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान/विश्वविद्यालय।

**विषय: सिस्टम मैनेजर के एक पद को प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) के आधार पर वेतमान 15600-3910/- रूपये, ग्रेड पे 6600/- रुपये के साथ (पीबी-3) (7वें सीपीसी के अनुसार लेवल 11) वेतनमान में भरना।**

DS to CS
07-06-2022
Secy(Sw)

इस विभाग के संबद्ध कार्यालय महालनोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र, निकट कृषि विस्तार सदन, आईएआरआई परिसर, पूसा, नई दिल्ली में **सिस्टम मैनेजर** (आईएसटीसी) के एक पद को प्रतिनियुक्ति पर भरने के लिए पात्र और उपयुक्त अधिकारियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पद पात्रता शर्तों, इत्यादि का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

SS(Services)I

2. केवल ऐसे अधिकारियों/उम्मीदवारों के आवेदन पर विचार किया जाएगा जिन्होंने उचित माध्यम द्वारा (i) प्रपत्र **(अनुबंध-II) के अनुसार बायो-डेटा** (दो प्रतियों में) के साथ, (ii) भारत सरकार के किसी अधिकारी जो अवर सचिव स्तर के नीचे न हो द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर सत्यापित की गई पिछले पांच वर्षों की एपीएआर की प्रतिलिपि (iii) सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र, (iv) सत्य निष्ठा प्रमाण-पत्र, (iv) कोई शास्ति न होने का प्रमाण-पत्र अथवा पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई किसी बड़ी/छोटी शास्तियां, यदि कोई हो, का ब्यौरा देने वाला विवरण और (v) संलग्न प्रारूप (अनुबंध-III) में काडर (संवर्ग) निकासी प्रमाण-पत्र। यह भी सत्यापित और प्रमाणित किया जाए कि अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए ब्यौरे सही हैं।

DS-II
SO(CH)

147/C

3. इसलिए, यह अनुरोध किया जाता है कि इच्छुक, उपयुक्त और पात्र अधिकारियों आवेदन पत्र जिनको चयन की स्थिति में तुरंत कार्यमुक्त किया जा सकता है, रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों की अवधि के अंदर "अवर सचिव (डिजिटल कृषि), कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कमरा सं. 39, कृषि भवन, नई दिल्ली" को भेज सकते हैं।

4. आवेदनों की अग्रिम प्रतियां जो निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होते हैं अथवा ऐसे आवेदन जिनके साथ अपेक्षित प्रमाण पत्र/दस्तावेज संलग्न नहीं हैं, अस्वीकृत कर दिये जाएगे।

5. इस पद के लिए चयनित अधिकारी को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर यथासंशोधित दिनांक 17-06-2010 के कार्यालय ज्ञापन सं.6/8/2009-स्थापना (वेतन II) के अनुसार इस पद के वेतनमान में ग्रेड पे एवं प्रतिनियुक्ति (डयूटी) भत्ता आहरित करने अथवा वेतन निर्धारित करने का विकल्प होगा।

6. अपने विभाग/संगठन में इस रिक्ति का व्यापक प्रचार किया जाए।

7. विज्ञापन और अन्य ब्यौरे/अनुबंध विभाग की वेबसाइट www.agricoop.nic.in और एमएनसीएफसी की वेबसाइट www.ncfc.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

भवदीय,

चन्दन कुमार

**(चन्दन कुमार)**
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष संख्या 011-23382926

प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषित:

I. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली।
II. कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि मंत्रालय के तहत सभी संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालय, स्वायत्त निकाय।
III. संयुक्त सचिव (प्रशासन)/संयुक्त सचिव (डिजिटल कृषि)।
IV. निदेशक, महालनोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, निकट कृषि विस्तार सदन, आईएआरआई परिसर, पूसा, नई दिल्ली।
V. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (आरआर प्रभाग), नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
VI. गार्ड फ़ाइल/अतिरिक्त प्रतियां/नोटिस बोर्ड।
VII. एनआईसी- डीएसी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

146/C

अनुबंध-I

1. पद का नामः सिस्टम मैनेजर

2. पदों की संख्या: 1 (एक)

3. पद का वर्गीकरण: सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित, अननुसचिवीय

4. वेतनमान: (पीबी-3), 15600-39100 रुपए/- ग्रेड पे 6600 रुपए/- (7वें सीपीसी के अनुसार लेवल 11)

5. आयु सीमा: प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा (अल्पकालिक अनुबंध सहित) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

6. भर्ती का तरीका: प्रतिनियुक्ति द्वारा (अल्पकालिक अनुबंध सहित।)

7. पात्रता: केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या स्वायत्त संगठनों या अर्ध सरकारी संगठनों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या विश्वविद्यालयों के अधिकारी निम्नलिखित सेवा, शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखने वाले पात्र हैं -

क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण करना, या

(ii) जो मूल काडर या विभाग में वेतन बैंड- 3 (15600-39100 रुपए) + ग्रेड पे 5400 रुपए/- (7वें सीपीसी के अनुसार लेवल 10) में पॉच वर्ष की नियमित सेवा की हो; और

ख) जो नीचे बताए अनुसार शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखने वाले:

कंप्यूटर सिस्टम और नेटवर्क प्रबंधन में तीन साल का अनुभव और प्रोग्रामिंग में कौशल (जैसे नेट, जावा, सी ++) के साथ कंप्यूटर इंजीनियरिंग या कंप्यूटर विज्ञान या सूचना प्रौद्योगिकी में एम.ई या एम.टेक.

या

कंप्यूटर सिस्टम और या नेटवर्क प्रबंधन और प्रोग्रामिंग में कौशल (जैसे नेट, जावा, सी ++) में पांच साल के अनुभव के साथ कंप्यूटर इंजीनियरिंग या कंप्यूटर विज्ञान या सूचना प्रौद्योगिकी में बीई या बीटेक।

8. नियुक्ति का प्रारंभिक स्थान : नई दिल्ली

145/C

9. प्रतिनियुक्ति की अवधि: प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक अनुबंध सहित) इस नियुक्ति से ठीक पहले उसी या प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित (अल्पकालिक अनुबंध सहित) इस नियुक्ति से ठीक पहले उसी या कुछ अन्य संगठनों या केंद्र सरकार के विभागों में एक अन्य एक्स-कैडर पद पर धारित आम तौर पर तीन साल से अधिक नहीं होगी।

नोट 1: फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार के लिए पात्र नहीं होगी।

नोट 2: प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, 01 जनवरी, 2016 से पहले एक अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर की गई सेवा (जिस तारीख से 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन संरचना को बढ़ाया गया है) आयोग की सिफारिश के आधार पर विस्तारित तदनुरूपी ग्रेड वेतन या वेतनमान में प्रदान की गई सेवा के रूप में समझा जाएगा, सिवाय इसके कि जहां किसी के एक से अधिक पूर्व-संशोधित वेतनमान का एक सामान्य ग्रेड वेतन या वेतन के साथ एक ग्रेड में विलय किया गया हो। वेतनमान, और जहां यह लाभ केवल उस पद (पदों) के लिए विस्तारित होगा जिसके लिए वह ग्रेड या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है।

10. पद से जुड़े कर्तव्य और जिम्मेदारियां:

i. सिस्टम की आवश्यकता को परिभाषित करना और हार्डवेयर व सॉफ्वेयर, नेटवर्क घटकों, डाटा भंडारण, यूपीएस, बाह्य उपकरणों आदि की खरीद में सहायता करना।

ii. हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर की स्वीकार्यता, जांच प्रक्रिया को परिभाषित करना और बर्नआउट परीक्षण करना और उसकी रिपोर्ट तैयार करना।

iii. केंद्र की आवश्यकता के अनुसार कंप्यूटर लैब चलाना (व्यक्त मौसम के दौरान दो शिफ्ट / दिन)

iv. एमएनसीएफसी के डेटा सेंटर का नियमित रखरखाव, बैकअप, उपयोगकर्ता खाता निर्माण, डिस्क कोटा प्रबंधन, प्राथमिकता असाइनमेंट आदि।

v. विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं के साथ इंटरफेसिंग।

vi. विभिन्न एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर, सॉफ्टवेयर उन्नयन, विकास मॉड्यूल पहचान आदि के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करना।

vii. डेटा और नेटवर्क सुरक्षा आदि।

viii. डेटा डाउनलोड करने और अपलोड करने के लिए तंत्र स्थापित करना

अनुबंध ॥

जीवन वृत प्रोफार्मा

1. नाम और पता (बडे अक्षरों में) :

2. जन्म तिथि (अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार) :

3. केंद्र /राज्य सरकार नियमावली के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख:

4. शैक्षणिक योग्यता: क्या पद के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं अपेक्षित हैं। (यदि किसी अर्हता को नियमों में निर्धारित किसी एक के समतुल्य माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकरी को विवरण दे)

अनिवार्य:

| वांछनीय अर्हताएं / अपेक्षित अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित अर्हताएं / अनुभव |
|---|---|
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |

5. आपके द्वारा की गई प्रविष्टियों को ध्यान में रखते हुए कृपया उल्लेख करें कि क्या आप पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।

6. तिथिक्रमानुसार सेवायोजन का ब्यौरा। यदि नीचे का स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणीकृत एक अलग पत्रक संलग्न करें.

| कार्यालय/ संस्थान | धारित पद | से | तक | वेतनमान एवं मूल वेतन | कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

7. वर्तमान रोजगार की स्वरूप:
(अर्थात् तदर्थ अथवा अस्थायी
अथवा अर्द्धस्थायी या स्थायी)

8. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति / संविदा के आधार पर धारित हों तो उल्लेख कीजिए

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख:

(ख) प्रतिनियुक्ति/ संविदा पर नियुक्ति की अवधि:

(ग) मूल कार्यालय का नाम /संगठन जिससे आप संबंधित है।

143/C

9. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण। कृपया उल्लेख करें कि क्या निम्नलिखि
तहत (संगत कॉलम में अपने नियोक्ता का नाम इंगित करें) कार्य कर रहे हैं:

(क) केंद्र सरकार

(ख) राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र

(ग) स्वायत्त संगठन

(घ) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

(ड.) विश्वविद्यालयों / अनुसंधान संस्थान

(च) अन्य

10. कृपया उल्लेख करें कि क्या आप एक ही विभाग में कार्यरत हैं और पोषक श्रेणी के सम्पोषक में हैं।

11. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो वह तिथि बताइए जिससे संशोधन हुआ था और पूर्व-संशोधित वेतनमान को भी इंगित करें

12. कुल परिलब्धियां जो प्रति माह आहरित की जा रही हैं।

13. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं (इसके संबंध में अन्य सूचना प्रदान कर सकते हैं)

i. अतिरिक्त शैक्षणिक अर्हता

ii व्यावसायिक प्रशिक्षण और

iii. रिक्ति (परिपत्र / विज्ञापन) में निर्धारित उपरोक्त के अलावा कार्य अनुभव

(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त है, तो एक अलग पत्रक संलग्न करें)।

14. कृपया उल्लेख करें क्या आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) के लिए आवेदन कर रहे हैं

15. क्या अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति से संबधित है

16. प्रदान
(i) अ

16. टिप्पणियां (अभ्यर्थी निम्न के संबंध में जानकारी प्रदान करें

(i) अनुसंधान प्रकाशन और प्रतिवेदन तथा विशेष परियोजनाएं

(ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा

(iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थाओं/सोसाइटियों के साथ संबद्धता और

(iv) कोई अन्य सूचना।

(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त है, तो एक अलग पत्रक संलग्न करें)

मैंने सावधानीपूर्वक रिक्ति परिपत्र / विज्ञापन को समझ लिया है और मैं अच्छी तरह से जानता हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों द्वारा विधिवत जीवन वृत का पद के चयन समय पर चयन समिति द्वारा मूल्यांकन भी किया जाएगा

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

पता ------------------------------------------

------------------------------------------

------------------------------------------

दिनांक:

स्थान:

वर्तमान नियोक्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित जो अवर सचिव या समकक्ष रैंक नीचे नहीं हो:

(मोहर सहित नियोक्ता)

141/C

अनुबंध III

## सत्य निष्ठा प्रमाणपत्र

प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) आधार पर महालनोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केन्द्र (एमएनसीएफसी) में सिस्टम मैंनेजर के पद के लिए आवेदन करने वाले श्री/श्रीमती/सुश्री__________________________ की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की जांच करने के बाद यह प्रमाणित किया जाता है कि उनकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

(उप सचिव या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना)

नाम और कार्यालय मुहर :____________________

दिनांक: ______________

## सतर्कता स्वीकृति प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया गया है कि श्री/श्रीमती/सुश्री__________________________ जिन्होंने प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) के आधार पर महालनोबिस राष्ट्रीय पूर्वानुमान केन्द्र (एमएनसीएफसी) में सिस्टम मैनेजर के पद के लिए आवेदन किया है, के विरुद्ध कोई सतर्कता मामला या अनुशासनात्मक कार्यवाही या आपराधिक कार्यवाही न तो लंबित है और न ही अपेक्षित है।

[प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता]

नाम और कार्यालय मुहर :____________________

दिनांक: ______________

## कोई शास्ति न होने का प्रमाण पत्र

यह प्रमाणित किया गया है कि श्री/श्रीमती/सुश्री__________________ जिन्होंने प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) के आधार पर महालनोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र (एमएनसीएफसी) में सिस्टम मैनेजर के पद के लिए आवेदन किया है, पर पिछले दस वर्षों के दौरान कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगायी गई है।

[प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता]

नाम और कार्यालय मुहर :____________________

दिनांक: ______________

## संवर्ग स्वीकृति प्रमाण पत्र

श्री/श्रीमती/सुश्री__________________________ जिन्होंने प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) के आधार पर महालनोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केन्द्र (एमएनसीएफसी) में सिस्टम मैनेजर के पद के लिए आवेदन करने पर को कोई आपत्ति नहीं है। उसका चयन होने की स्थिति में उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

[प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता]

नाम और कार्यालय मुहर :____________________

दिनांक: ______________